# न्यूज 12 भारत

डिजिटल मीडिया — सच्ची बात

Website : www.news12bharat.com

संस्करण : धनबाद | रविवार 28 अप्रैल 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया





# नावाडीह में उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

## मौके से 2,580 केजी जावा महुआ एवं 105 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त,टीम ने सामग्रियों को किया नष्ट

(न्यूज12 भारत)







बोकारो: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने नावाडीह थाना अंतर्गत दाहियारी ग्राम के कोचागढ़ा टोला में निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 2,580 केजी जावा महुआ शराब एवं 105 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद श्री संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर श्री कृष्णा प्रजापति,अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट सुश्री दीपिका कुमारी आदि शामिल थे। जानकारी हो कि,लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण – बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## एक नजर

### सहजादी खातून को लोक सभा चुनाव में देंगे साथ : जिला महा सचिव




(न्यूज12 भारत)

धनबाद : वीर अब्दुल हमीद फौंडेसन जिला अध्यक्ष समीम शाह फुस बंगला आवसीय कार्यालय मे एक बैठक हुआ जिसमे जिला महा सचिव ने कहा सहजादी खातून को लोक सभा चुनाव मे साथ देने का वादा किया धनबाद बिधानसभा के महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ममता देवी महिला मोर्चा जिला सचिव रेखा देवी गायत्री देवी, देवी कोर और राजेश रवानी अजित पासवान शामिल थे और जिला अध्यक्ष ने कहा आप लोगो के साथ सबका विसवास रहे तो मुझे कोई कमी महसूस नहीं होंगी जिला अध्यक्ष समीम शाह जिला महा सचिव मोहम्मद कलाम जिला सचिव मोहम्मद फैयाज अंसारी मोहम्मद वकील शाह रोहित कुमार शामिल थे झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष सहजादी खातून कुछ ऐसा शब्द बोली कि सबका दिल जीत लिया|

### ग्रामीणों के पक्ष में तथा प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय




(न्यूज12 भारत)

तिसरा ।: बीसीसीएल के एंटीएसटी में एमडीओ मोड़ का परियोजना के शरू होते ही सैकड़ों ग्रामीणों व रैयतों के विस्थापन होने से सशंकित सुरुन्गा पंचायत के मुखिया विजय कालिंदी ने शनिवार को साउथ तिसरा ऑफिस धौड़ा में एक बैठक कर ग्रामीणों के पक्ष में तथा प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उचित मुआवजा एवं विस्थापन कि मांग करते हुए आंदोलन करने का निर्णय लिया है। मुखिया श्री कालिंदी ने ग्रामीणों और रैयतों के साथ बैठक कर पत्रकारों से कहा कि एमडीओ मोड़ परियोजना से सुरुन्गा पंचायत के सैकड़ों आवास पर तथा सैकड़ों एकड़ जमीन के प्रभावित होने का खतरा है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण कोयला उत्पादन के विरोधी नहीं है मगर प्रबंधन प्रभावित होनेवाले क्षेत्र के लोगों को पंचायत क्षेत्र में ही विस्थापित करे तथा ओबी डंप में रैयतों कि गई जमीन के रैयतों को उसके जमीन के बदले नया दर से मुआवजा का भुगतान करे। उन्होंने कहा कि एमडीओ मोड़ परियोजना से फिलहाल साउथ तिसरा के बेलधौड़ा ,ऑफिस धौड़ा के लगभग 110 घर प्रभावित है उसे सुविधा व रोजगार के साथ विस्थापन करने कि मांग करते हुए प्रबंधन को चेतावनी दिया कि अगर प्रबंधन ने प्रभावित ग्रामीणों को जबरन विस्थापन कराने कि कोशिश किया तो क्षेत्र के ग्रामीण उग्र आंदोलन कर परियोजना का काम एक इंच कार्य आगे बढ़ने नहीं दिया जाएगा। बैठक कि अध्यक्षता प्रेम बाउरी एवं संचालन रत्न देव ने किया । बैठक में राजीव देव ,समरेश देव,रामानंद सिंह ,उर्मिला देवी ,शांति देवीसहित दर्जनो ग्रामीण थे।

# मिट्टी का अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

(न्यूज12 भारत)






धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने आज मिट्टी के अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध बरोरा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।

इस संबंध में प्रमाणिक में बताया कि 24 अप्रैल को बरोरा थाना द्वारा जब्त एक जेसीबी मशीन एवं मिट्टी लदे 2 ट्रैक्टर की जांच की गई।

जांच में पाया गया कि दोनों ट्रैक्टर में जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन कर लोड किया गया है। वहीं पूछताछ के क्रम में पता चला कि उस स्थान से मिट्टी का अवैध खनन कर जिले के अवैध ईंट भट्ठे में भेजा जाता है। जांच पड़ताल के बाद खान निरीक्षक ने जब्त जेसीबी, जेसीबी के मालिक, जेसीबी के ऑपरेटर, लगभग 80 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 10 ए.एन. 8677, लगभग 40 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 09 पी 5657, दोनों ट्रैक्टर के मालिक तथा उसके चालकों एवं इस कार्य में संलिप्त अज्ञात लोगों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 के नियमों तथा आईपीसी के विभिन्न धाराओं के तहत बरोरा थाना में आज प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू के समर्थन में जदयू ने चलाया जन संपर्क अभियान

(न्यूज12 भारत)



धनबाद: एनडीए गठबंधन की तरफ से धनबाद संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के समर्थन में धनबाद जिला जदयू के अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने शनिवार को धनबाद कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से एनडीए के समर्थन में मतदान करने की अपील की। यह जनसंपर्क अभियान मुनीडीह, बालूडीह, पुटकी तथा केंदुआ आदि क्षेत्र में सघन रूप से चलाया गया।जनसंपर्क अभियान में प्रत्याशी ढुल्लू महतो के साथ धनबाद जिला जदयू के अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, संगठन के नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक, युवा प्रकोष्ठ के जिला महासचिव आदित्य पासवान, महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा पांडेय तथा दीपेन प्रमाणिक आदि शामिल थें।

# पेयजल को ले आर-पार की होगी लड़ाई : देबू महतो

(न्यूज12 भारत)



धनबाद वार्ड ने २५ के जे सी मल्लिक रोड स्थित आर एन महतो लेन तेलीपाड़ा पाल नगर मांझी थान गली शिमलडीह इत्यादि क्षेत्र में मे पानी की घोर किल्लत विगत माह से झेल रहे मुहल्ले वासियों ने आज धौर्य टुटता हुआ नजर आया Excutive officer PHED मिलकर अपने क्षेत्रों की पानी की आपूर्ति के सबंध में बाते को रखकर २४ घंटे की अल्टीमेटम दे डाली|

इसके बाद धनबाद गोबिन्दपुर मुख्य पथ को अनिश्चित कालिन के लिए जाम करने की निर्णय ले लिया है प्रतिनिधि मंडल में शामिल झामुमो वरीय नेता देबू महतो ने बताया कि जिला,नगर प्रशासन तथा संबधित वरीय व कनिय पदाधिकारी को सुचना के उपरांत भी २४ घंटे मे समस्या की समाधान नही होता है तो मुहल्ले वासियों की ओर से जो भी निर्णय होगा उसे शांति रुप से आन्दोलन किया जाएगा ज्ञात हो कि उक्त संदर्भ में कई बार पत्राचार व प्रदर्शन कर चुके हैं अब पानी के लिए त्राहिमाम से निकलने के लिए आर-पार की लडाई लडी जाएगी मौके पर राजेन्द्र सिह श्यामल दत्ता,सुजीत मुखर्जी कल्याण भट्टाचार्य स्वदेश भट्टाचार्य देवासीश राय मोहित पांडे कल्याण राय कालो साव अरबिन्द झा राजु साव राजु मोदक उत्तम मोदक एवं अन्य मौजूद थे|

## डी ए वी कोयलानागर में अन्तर्सदनीय संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता

(न्यूज12 भारत)




धनबाद:डी ए वी पब्लिक स्कूल कोयला नगर के सभागार कक्ष में शैक्षणिक संवर्धन हेतु अन्तर्सदनीय संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।छात्राओं ने श्रीमद्भागवत, रामायण व वैदिक यज्ञ के मंत्रों का उच्चारण कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सह क्षेत्रीय सहायक पदाधिकारी झारखण्ड प्रक्षेत्र-सी के एन एन श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि जागृत करना व छात्राओं में वाचन कौशल, आध्यात्मिक विकास व आत्मिक विकास करना है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता सोनीपत हरियाणा में रेसलिंग प्रतियोगिता में आकांक्षा कुमारी एवं पुष्पांजलि पाण्डेय, ताईकवांडो प्रतियोगिता में रजत गुप्ता तथा स्विंग प्रतियोगिता में आयुष सिंह को स्वर्ण पदक से सम्मानित हुए तथा नकद पुरस्कार के रूप में 5001 रूपये का चेक पाकर हम सभी को गौरवन्वित करवाया।

वहीं दूसरी ओर अन्तर्सदनीय संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में विभा कुमारी नालंदा सदन की प्रथम, हर्षिता और मानस वलवी सदन की द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार पांडेय ने किया। वहीं निर्णायक भूमिका डॉ डी के सिन्हा एवं सुमोना ने किया। इस अवसर पर वरीय शिक्षक विष्णु दत मिश्रा, आर के श्रीवास्तव, विश्वजीत मण्डल, सुधांशु कुमार दीनबंधु, रोजी रानी, आर आर दास, अभिलाषा कुमारी, सचिन कर्मकार आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# धनबाद लोकसभा प्रत्याशी दुलू महतो 30 अप्रैल को करेंगे नामांकन

(न्यूज12 भारत)




धनबाद : भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों, जिला पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्षों तथा प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक बैठक महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा की 30 अप्रैल को धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो नामांकन करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी उपस्थित रहेंगे। उस दिन गोल्फ ग्राउंड में एक जनसभा भी होगी। नामांकन और जनसभा दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

यह दोनों कार्यक्रम ऐतिहासिक हो इसके लिए आप सभी संकल्पित होकर लग जाए।

धनबाद के विधायक राज सिंहा ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा में आप सभी प्रयास करें की नामांकन और जनसभा में प्रत्येक बूथों से अधिक से अधिक उपस्थित हो। धनबाद विधानसभा से ऐतिहासिक उपस्थित होगी। लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू ने कहा की ये चुनाव देश के अर्थतंत्र को तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में विकास की किरण जन-जन तक पहुंची है। निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा प्रत्याशी श्री ढुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा की सफलता धनबाद लोकसभा से भाजपा के विजय की नींव रखेगी। इसलिए आप सभी 30 अप्रैल को होने वाले नामांकन और जनसभा की सफलता के लिए लग जाए। लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को लेकर लग गए हैं निश्चित रूप से धनबाद में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड विजय प्राप्त करेगी। महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि 30 तारीख को होने वाले नामांकन और जनसभा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के सभी 1159 बूथों का प्रतिनिधित्व होगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नितिन भट्ट तथा जिला उपाध्यक्ष संजय झा ने किया ।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हरि प्रकाश लाटा,महावीर पासवान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव अग्रवाल,भरत यादव,रमेश राही,राजकुमार अग्रवाल, ज्ञानरंजन सिंहा,जिला महामंत्री रवि सिंहा,जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, मानस प्रसून,वीरेंद्र हांसदा,उमेश यादव, जिला मंत्री सुरेश महतो,सुमन अग्रवाल, मिल्टन पार्थ सारथी,राजकिशोर जेना,रजनीश तिवारी,सुशील सिंह,योगेंद्र यादव,रामदेव महतो, प्रितपाल सिंह अजमानी,विकास मिश्रा,आनंद खंडेलवाल,मौसम सिंह,निर्मल प्रधान, राजकुमार मंडल, शिवांश श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे

न्यूज़ 12 भारत
Website : www.news12bharat.com
रविवार, 28 - अप्रैल - 2024

# पराली जलाने के आरोप में 21 किसानों के पंजीकरण को किया गया अवरूद्ध

(न्यूज12 भारत)

गया। जिला पदाधिकारी, गया के द्वारा दिये गये निर्देष के आलोक में दिनांक 26 को जिला कृषि पदाधिकारी, गया के द्वारा फसल अवशेष पराली जलाने की घटना पर सतत् निगरानी रखने हेतु बैठक आयोजित कर आवश्यक निर्देष दिया गया है। बिना जिला प्रषासन के अनुमति पत्र पास के कम्बाईन हार्वेस्टर मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देष दिया गया है। इसके साथ ही बार-बार अनुरोध के बावजूद जिन किसानों द्वारा फसल अवषेष पराली जलाया



- कार्य में लापरवाही बरतने पर 4 कृषि समन्वयक, 1 सहायक तकनीकी प्रबंधक का वेतन अवरुद्ध किया गया है, 4 किसान सलाहकार से स्पष्टीकरण।
- बिना जिला प्रषासन के अनुमति के कम्बाईन हार्वेस्टर के संचालन पर कराई गई प्राथमिकी।
- पंजीकरण ब्लॉक कर दिये जाने के कारण किसान नही ले सकेंगें कृषि योजनाओं का लाभ।
- पराली नही जलाने हेतु सभी प्रखंडों में लगाया गया है फ्लैक्स बैनर/होर्डिंग।

जा रहा है, उन किसानों का पंजीकरण अवरुद्ध करते हुये पर्यावरण प्रदुषित करने के आरोप में उनके विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देष दिया गया है। कार्य में लापरवाही बरतने वाले 4 कृषि समन्वयक, 1 सहायक तकनीकी प्रबंधक का वेतन अवरुद्ध किया गया है। जिन पंचायतों में फसल अवषेष पराली जलाने की घटना प्रकाष में आती है तो संबंधित पंचायत के कृषि कर्मियों के विरुद्ध आरोप गठित कर विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी। बार-बार अनुरोध करने के बावजूद कुछ हठधर्मी किसान फसल अवशेष जलाने से बाज नही आ रहे है। फसल अवशेष जलाने से मिट्टी, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ता है। हमारी मिट्टी में पहले से ही जैविक कार्बन कम है। फसल अवशेष जलाने से जैविक कार्बन भी जलकर नष्ट हो जाते है। जिन खेतो में फसल अवशेष जलाया जाता है, उन खेतो में मौजूद सभी लाभदायक सुक्ष्मजीवी भी मर जाते है। फसल अवशेष जलाने से सांस लेने में तकलीफ, आँखो में जलन तथा नाक एवं गले की समस्या बढ़ती है। इस संबंध में बार-बार जागरूक करने के बावजूद कुछ किसान फसल अवशेष जला देते है। फसल अवशेष जलाने वाले किसानों का पंजीकरण संख्या अवरूद्ध ;ठसवबाद्ध कर दिया गया है। कि सा न अपने पंजीकरण संख्या की सहायता से ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान, कृषि इनपुट अनुदान, बीज अनुदान, कृषि यंत्रो पर अनुदान ले सकता है। इसके अलावा पैक्सों को धान,गेंहू आदि की बिक्री हेतु आनलाइन सिर्फ वे किसान कर सकते हैं|

## धान एवं गेहूँ अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक

(न्यूज12 भारत)

गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में धान एवं गेहूँ अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आहूत की गई है। जिसमें धान अधिप्राप्ति कार्य के संबंध में जिला सहकारिता पदाधिकारी, गया द्वारा बताया गया कि खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में अभी तक कुल 326 पैक्स ,व्यापार मंडलों द्वारा 18819 किसानों से 126908.265 मे0 टन धान का खरीद किया गया है। खरीद किये गये धान के समतुल्य 86297.620 मे0 टन सी०एम०आर० की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम को किया जाना है।

जिसमें अबतक 65125.330 मे0टन 75.50 प्रतिशत सी०एम०आर० की आपूर्ति की जा चुकी है। शेष बचे सी०एम०आर० की आपूर्ति ससमय समितियों द्वारा कर दिया जायेगा। सी०एम०आर० आपूर्ति में मोहनपुर, बांकेबाजार, मोहडा, फतेहपुर, डोभी प्रखंडों में जिला के औसत से कम आपूर्ति रहने के कारण जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सक्रियतापूर्वक कार्य करते हुये सी०एम०आर० आपूर्ति में तेजी लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि कार्ययोजना तैयार कर 31.05 तक शत प्रतिशत सी०एम०आर० की आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। इस समीक्षा के दौरान बताया गया कि डोभी स्थित हनुमान राइस मिल की काफी ज्यादा शिकायतें प्राप्त हो रही है। इस मिल में 06 पैक्स टैग हैं।

## इंडिया महा गठबंधन प्रत्याशी ने किया गम्हरिया प्रखंड का दौरा



- जनता का मान-सम्मान एवं अधिकार की करूंगी रक्षा - जोबा माझी

गम्हरिया। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी ने गम्हरिया प्रखंड के कई पंचायतों का दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया। कांड्रा मोड़ पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने महागठबंधन प्रत्याशी का भव्य स्वागत किया। उन्होंने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सिंहभूम की जनता का मान-सम्मान एवं अधिकार की रक्षा में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने झामुमो के नेतृत्व में राज्य के विकास की जानकारी देते हुए वोट की अपील की। इस अवसर पर कांग्रेस के सरायकेला विधानसभा प्रभारी केपी सोरेन ने देश के संपूर्ण विकास के लिए समर्थन मांगते हुए स्वच्छ एवं ईमानदार छवि को वोट देने की अपील की। इस दौरान कांड्रा मोड़ से जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ करते हुए जोबा मांझी ने बालीडीह, रापचा पंचायत के पिंड्रबेड़ा, दुग्धा, यशपुर समेत करीब एक दर्जन गांवों का दौरा किया।

## झामुमो की बैठक में गठबंधन के प्रत्याशी जोबा मांझी के पक्ष में प्रचार प्रसार का निर्णय

(न्यूज12 भारत)

गम्हरिया। झामुमो आदित्यपुर नगर कमेटी की बैठक में चुनाव की तैयारी पर चर्चा की गई। एवेन्यू सभागार में संपन्न बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष दीपक मंडल ने की। उन्होंने गठबंधन के साझा प्रत्याशी जोबा मांझी को जिताने के लिए उनके पक्ष में प्रचार प्रसार में जुट जाने का आग्रह कार्यकर्ताओं से किया। मंडल ने झामुमो कार्यकर्ताओं को कांग्रेस, राजद समेत समर्थित दलों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रचार प्रसार में जुट जाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सिंहभूम के सभी 6 विधानसभा सीटों पर झामुमो का कब्जा है। यहां से हमारे प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। इस अवसर पर जिला



बुद्धिजीवी मंच के जिलाध्यक्ष छायाकान्त गोराई ने कहा कि गठबंधन प्रत्याशी का क्षेत्र में सघन दौरा शुरू हो गया है। इसे देखते हुए सभी कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में मुस्तैद रहकर उन्हें सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए झामुमो के कार्यकर्ता हर गांव और मोहल्ले में जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। इस अवसर पर झामुमो जिलाध्यक्ष शुभेंदु महतो ने कहा कि जोबा मांझी की व्यक्तिगत छवि काफी बेहतर रहने के कारण मतदाताओं के बीच वे काफी लोकप्रिय है। उन्होंने पूरे सरायकेला विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी के जन संपर्क अभियान को सफल बनाने की अपील की। बैठक में महागठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी का सघन दौरा रविवार की सुबह 8:30 बजे से नगर क्षेत्र के सीतारामपुर से शुभारंभ होने की जानकारी दी गई। इस दौरान राहेडगोड़ा, कृष्णापुर, आसंगी, इच्छापुर, बंता नगर, ट्रांसपोर्ट कॉलोनी के चार नंबर रोड होते हुए गुमटी बस्ती, शिव मंदिर आदित्यपुर 2, सालडीह, भाटिया बस्ती, बेलडीह होते हुए बड़ा गम्हरिया नगर क्षेत्र मे शाम 4 बजे प्रवेश करने एवं बड़ा गम्हरिया बस्ती में शाम 7 बजे तक जनसंपर्क एवं प्रचार–प्रसार करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डा. शुभेंदु महतो, बुद्धिजीवी मंच के जिलाध्यक्ष छाया कांत गोराई, नगर उपाध्यक्ष परमेश्वर प्रधान, नगर सचिव संजय दास, आकाश दास, दीपक नायक, संजय गोराई आदि उपस्थित थे।

## बी आई टी सिंदरी के छात्रों ने बैलट ब्रिलियंस नामक कार्यक्रम को करवाया



(न्यूज12 भारत)

धनबाद : भूली बी ब्लॉक समुदायक भवन में भूली नगर कांग्रेस कमेटी रोशन कुमार के अध्यक्षता मैं बैठक हुई जिसमें आने वाला लोकसभा चुनाव में बूथ स्तरीय कमेटी एवं चुनाव की चर्चा की गई बैठक में इंडिया गठबंधन के दर्जनों नेता शामिल हुए वक्ताओं ने एक सूर में कहा की कांग्रेस पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह जी को भारी से भारी मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया|

साथ ही चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई मुख्य रूप से धनबाद लोकसभा प्रभारी शिवानंद चौहान, छेदी नोनिया, भूली लोकसभा प्रभारी गंगा वाल्मीकि, नीलू, कांत सिंहा, झामुमो नेता राजू प्रसाद हाडी निशांत सिंह नगर अध्यक्ष भूली नगर कांग्रेस कमेटी रोशन कुमार नगर अध्यक्ष ओबीसी विभाग अरुण कुमार मंडल नगर अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग अजय चौधरी आप नेता जितेंद्र सिंह अजय पासवान बृजेश कुमार सुनील पासवान राहुल सिंह अजमेरी खातून मोहम्मद उस्मान अनवर हुसैन गंगा ठाकुर चांदनी खातून रवि कुमार इंद्रदेव ठाकुर महफूज आलम मोहम्मद नौशाद अशोक दुबे आदि थें|

## विदेशी महिला से दो लाख की लूट, गया एयरपोर्ट जाने के लिए निकली थी जापानी महिला

(न्यूज12 भारत)

गया। गया से एक बड़ी खबर सामने आ रही है जहाँ एक विदेशी महिला से कुछ बदमाशों ने 2 लाख रुपए लूट की घटना को अंजाम दिया है। मामला यह बोधगया के वर्मा मंदिर के बाहर घाट लगाए बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। बदमाशों की संख्या तीन बताई जा रही है। जिसमें एक लुटेरे को पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया है। जबकि 2 आरोपी फरार हो गए है। अभी तक लूटे गए 2 लाख कैश



की बरामदगी नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक जापानी महिला गया एयरपोर्ट जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान घात लगाए लुटेरों ने पैसे से भरा बैग छीन लिया और फिर फरार हो गए हैं। दिनदहाड़े हुई इस घटना की सूचना जब पुलिस को मिली तो, एक आरोपी को पुलिस ने दौड़ाकर धर दबोचा। शेष तीन लुटेरे भागने में कामयाब हो गए हैं। घात लगाए बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

## कांड्रा स्टेशन टेम्पु स्टेण्ड समीप बेरोजगार टेम्पु शिक्षित संघ द्वारा लगाए गए निःशुल्क प्याऊ का आरपीएफ प्रभारी अस्मित वर्मा ने किया उद्घाटन

(न्यूज12 भारत)

कांड्रा: इस चिलचिलाती हुई धूप में पानी ही लोगों की जान है। खासकर दिनभर घर से बाहर जाकर कार्य करने वाले लोगों के लिए तो पानी अति आवश्यक है। एक पल इंसान भूखा तो रह सकता है परंतु प्यासा कभी नहीं। इस गर्मी में किसी के लिए पानी का इंतजाम करना बहुत ही पुण्य का कार्य माना जाता है ।भीषण गर्मी और तपती धूप को देखते हुए बेरोजगार टेम्पु शिक्षित संघ कांड्रा के द्वारा कांड्रा स्टेशन स्थित टेम्पु स्टेण्ड के समीप सामूहिक नि:शुल्क



प्याऊ का उद्घाटन आर पी एफ प्रभारी अस्मित वर्मा ने किया । आरपीएफ प्रभारी अस्मित वर्मा ने कहा कि बेरोजगार टेम्पु शिक्षित संघ के लोगो ने आम लोगों को शितल जल मिले इसके लिए घड़ा खरिदकर उसमें पानी हमेशा भरने का जिम्मेवारी उठाया है। यह समाज के लिए प्रेणादायक कदम है|

## गुरु बहनों ने किया शिव चर्चा का आयोजन

- शिव शिष्य बनने से मनुष्य का जीवन हो जाता है सफलःवीणा गिरी

(न्यूज12 भारत)

गया। शनिवार को एकदिवसीय शिव चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें गुरु बहनों ने शिव महिमा के बारे में लोगों को बताया और चर्चा की। महिलाओं के भजन- कीर्तन और संगीत से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। गुरु बहनों ने संयुक्त रूप से चर्चा के दौरान भगवान शिव द्वारा सुझाए गए धर्म अध्यात्म के मार्ग पर लोगों को चलने की प्रेरणा दी। गुरु बहन सीता



गिरी के निर्देशन में आयोजित शिव चर्चा में उन्होंने कहा कि सभी के गुरु एकमात्र शिव हैं। शिव भक्ति और चर्चा करने से जीवन के सभी दुःख और कष्ट दूर जाते हैं। उनके जीवन में सुख और समृद्धि ही आती है। गुरु बहन वीणा गिरी ने बताया की शिव शिष्य बनने से मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है। उन्होंने भाग ले रहे लोगों से कहा कि शिव जगत के गुरु हैं अर्थात जितने प्राणी है सभी उनके शिष्य हैं हम सदियों से उनकी भक्ति भाव से पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। यदि हम उन्हें गुरु भाव से याचक बनकर दया मांगेंगे, क्षमा मांगेंगे तो हमारा कल्याण होगा। आशा भारती ने लोगों से शिव शिष्य परिवार से जुड़ने की अपील की।

इस दौरान लोगों के बीच महाप्रसाद भोग का भी वितरण किया गया। इसके पूर्व भगवान शिव के तस्वीर पर गुरु बहनों ने माला फूल और प्रसाद अर्पित कर विशेष पूजा अर्चना की।

## अक्रियाशील वार्ड में बंद पड़े योजनाओं को चालू करवाने के निर्देश

(न्यूज12 भारत)

गया।वर्तमान समय मे गया ज़िला गर्म हवा के साथ 40□ से ऊपर के तापमान से गुजर रहा है। इसके साथ ही मौसम विभाग द्वारा भी गर्म हवा, लू संबंधित पूर्वानुमान जारी करते हुए लू से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की गई है। इस मौसम में संभावित होने वाले पेयजल समस्या को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से ज़िला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने पीएचईडी के कार्यपालक अभियंताओ, सहायक अभियंताओं, कनिये अभियंताओं, सभी संवेदकों एव ज़िला पंचायती राज विभाग के साथ साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज




पदाधिकारी, सभी पंचायतों के टेक्निकल असिस्टेंट भी जुड़े थे।

इस बैठक में जिला पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत अक्रियाशील , अपूर्ण वार्डो की जानकारी ली गयी। डीएम ने बताया की पंचायत राज विभाग द्वारा पूर्व में गया ज़िला के वार्डों का सर्वेक्षण किया गया था जिसमे 665 वार्ड अक्रियाशील पाए गए थे जिसमें आज के तिथि में 181 वार्डो में नल जल योजना का मरामती कराकर पेयजल को चालू करवाया गया है।

# डोभी स्थित हनुमान राइस मिल की काफी ज्यादा शिकायतें पर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

(न्यूज12 भारत)

गया।जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में धान एवं गेहूँ अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आहूत की गई है। जिसमें धान अधिप्राप्ति कार्य के संबंध में जिला सहकारिता पदाधिकारी, गया द्वारा बताया गया कि खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में अभी तक कुल 326 पैक्स ,व्यापार मंडलों द्वारा 18819 किसानों से 126908.265 मे0 टन धान का खरीद किया गया है। खरीद किये गये धान के समतुल्य 86297.620 मे0 टन सी०एम०आर० की




आपूर्ति राज्य खाद्य निगम को किया जाना है। जिसमें अबतक 65125.330 मे0टन 75.50 प्रतिशत सी०एम०आर० की आपूर्ति की जा चुकी है। शेष बचे सी०एम०आर० की आपूर्ति ससमय समितियों द्वारा कर दिया जायेगा। सी०एम०आर० आपूर्ति में मोहनपुर, बांकेबाजार, मोहडा, फतेहपुर, डोभी प्रखंडों में जिला के औसत से कम आपूर्ति रहने के कारण जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सक्रियतापूर्वक कार्य करते हुये सी०एम०आर० आपूर्ति में तेजी लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि कार्ययोजना तैयार कर 31.05 तक शत प्रतिशत सी०एम०आर० की आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। इस समीक्षा के दौरान बताया गया कि डोभी स्थित हनुमान राइस मिल की काफी ज्यादा शिकायतें प्राप्त हो रही है। इस मिल में 06 पैक्स टैग हैं। मिल लगातार चालू नही रहता है। प्रायः मिल को बंद ही रखा जाता है। डीएम ने अनुमण्डल पदाधिकारी शेरघाटी को निर्देश दिया कि इस हनुमान मिल की विस्तृत जांच करते हुए रिपोर्ट भेजे। मालूम हो कि 52 लौट सीएमआर अब तक लंबित है। रब्बी विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत गेहूँ अधिप्राप्ति की समीक्षा में ज्ञात हुआ कि जिला में अभीतक कुल 896 किसानों द्वारा गेहूँ बिक्री हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। जिला में कुल 62 समितियों का चयन किया जा चुका है एवं 05 समितियों में 06 किसानों से 24.300 मे०टन गेहूं की खरीद की गई है। आज की बैठक में अन्य 264 समितियों का चयन भी जिला टास्क फोर्स द्वारा किया गया एवं उन्हें 36.00 मे0टन प्रति समिति लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस वर्ष गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275/- रू0 प्रति क्वीं० निर्धारित है। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि इच्छुक किसानों से गेहूं क्रय करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

इस बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी गया, जिला कृषि पदाधिकारी गया, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम गया, जिला सहकारिता पदाधिकारी गया, प्रबंध निदेशक मगध सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि० गया, ज़िला जन सम्पर्क पदाधिकारी एवं सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, गया जिलान्तर्गत उपस्थित थे।